Title: Regarding Declaring Ujjain Jaora to Nagda Road as National Highway.

श्री अनिल फिरोजिया (उज्जैन): सभापति महोदय, मुझे मेरी क्षेत्र की समस्या को उठाने का मौका दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद । हमारे यहां जावरा से नागदा होते हुए उन्नेल उजीन पीतमपुर रोड को नेशनल हाईवे घोषित किया जाए । वहां आए दिन जावरा रोड पर एक्सिडेंट हो रहे हैं । वहां अभी लगभग 11 लोगों की मृत्यु एक्सिडेंट में हुई है ।

अभी हाल फिलहाल ही बच्चों से भरी बस का बहुत दर्दनाक एक्सीडेंट हुआ । इसमें सात बच्चों की मृत्यु हुई है । यहां लगभग 37 ब्लैक स्पॉट्स हैं । मैं लगातार मांग कर रहा हूं कि इसे नेशनल हाईवे घोषित किया जाए ताकि लोगों की जान बच सके । मैं जब भी उस क्षेत्र में गाड़ी से जाता हूं तो राम-राम करके जाना पड़ता है । मैं भी वास्तव में दो-तीन बार बच भी चुका हूं ।

मैं आपके माध्यम से माननीय गडकरी जी से मांग करता हूं कि इसे नेशनल हाईवे घोषित किया जाए । धन्यवाद ।